संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -289 बुधवार ,21 अगस्त 2024 , पृष्ठ - 8+8 मूल्य 4 रूपये

छत्तीसगढ़ सरकार 36 घटे भी नहीं दिए और आशियाना उजाड़ दिए...

पर इंकलाब होता रहेगा इंसाफ तक...

अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें ?

कलम बंद...का 50 वां दिन

» छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार क्या गैर संवेदनशील सरकार है... ?
» सरकार को कमियां ना दिखाएं तो क्या दिखाएं... ?
» क्या विष्णुदेव साय सरकार बेहतर चल रही है...सिर्फ यह बात आईएएस लॉबी को पता है...आम जनता को नहीं है जानकारी... ?
» किसी का दिव्यांग प्रमाण-पत्र फर्जी...दिव्यांग मांग रहे अधिकार क्या उन्हे दोगे न्याय प्रदेश के कर्णधार ?
» क्या फर्जी दिव्यांग और फर्जी डिग्री के आधार पर जो कर रहे नौकरी उन्हे होगी जेल...उन्हें मिल सकेगा संकल्प पत्र अनुसार दण्ड... ?

तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...प्रशासनिक अत्याचार(बुलडोजर कार्यवाही)झेलने के बावजूद है जारी...

घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

खुला पत्र

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?

क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जी...

तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलमबंद अभियान...

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग से संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...?

कलम बंद...का पचासवां दिन

?

कलम बंद...का पचासवां दिन

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

C M Y K

खुला पत्र

क्या प्रकशित करें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी ?

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2024(घटती-घटना)। आपको जो कमियां दिखाई जा रही हैं...वह आपको पसंद नहीं आ रही हैं...आपके विभाग में कितनी कमियां हैं...यह शायद आपको दिख नहीं रहा और अखबार आपको दिखाना चाह रहा है...वह देखना नहीं चाहते ऐसे में क्या प्रकाशित करें..यह आप ही तय करें ? अखबार जो आपको कमियां दिख रहा है उस कमियों को आपको दूर करना था पर उसे कमियों को दूर करने के बजाय आप अखबार से पत्रकार से संपादक से आपको दिक्कत हो रही फिर आप यह समझिए कि आपसे जनता को कितनी दिक्कतें हो रही होंगी ?

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?

घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है... संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

खुला पत्र

देश के माननीय प्रधानमंत्री से भी सवाल...क्या भ्रष्टाचार के विरुद्ध छत्तीसगढ़ की प्रदेश सरकार के खिलाफ समाचार लिखना है अपराध ?

अम्बिकापुर,20 अगस्त 2024 (घटती-घटना)। माननीय मुख्यमंत्री से भी सवाल है...छत्तीसगढ़ में आपकी सरकार है...केंद्र में भी आपकी पार्टी की सरकार है...पर छत्तीसगढ़ में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कमियां दिखाने से रोकने का भी प्रयास हो रहा है...यह प्रयास कहीं ना कहीं स्वस्थ लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास है...जहां पर भाजपा सरकार से लोगों को बेहतर करने की उम्मीद होती है तो वहीं पर छत्तीसगढ़ में नवनिर्वाचित मंत्री,विधायक बे-लगाम हो चुके हैं...उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उसे जिम्मेदारी को निभाने में असमर्थ दिख रहे हैं...उनकी कमियों को बताना उन्हें रास नहीं आ रहा इसलिए वह पत्रकार,संपादक का कलम बंद करने का प्रयास कर रहे हैं अब इस पर आप ही संज्ञान ले...और बताएं की संपादक व पत्रकार कौन सी खबर प्रकाशित करें ?

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?



घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

खुला पत्र

भारत में सच्चे पत्रकार को राजनीतिक पार्टियों से खतरा क्यों रहता है?

अम्बिकापुर,20 अगस्त 2024(घटती-घटना)। भारत अपने पत्रकारों को निडर होकर काम करने का स्वतंत्र तरीका प्रदान करने में बहुत पीछे है...इन दिनों...कुछ को छोड़कर...हर दूसरा पत्रकार वही खबर दे रहा है जो सरकार की प्रशंसा करती है...नए चैनल लोगों को सरकार द्वारा की गई गलती से विचलित करने के लिए विभिन्न विषयों पर अनावश्यक बहस दिखाएंगे...इसके कारण,अधिक महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जो किसी का ध्यान नहीं जाता हैं...दूसरा कारण यह है कि पत्रकार अपने सिद्धांतों और मूल्यों को खो रहे हैं क्योंकि आज स्थिति ऐसी है कि स्थापना के खिलाफ विषयों पर बोलने या लिखने वाले पत्रकारों को धमकी देना,गाली देना और मारना कई अन्य देशों की तरह भारत में भी एक वास्तविकता बन गई है...देश और दुनिया को डरा दिया है...वहीं,पत्रकारों पर लगातार हो रहे हमलों की घटनाओं ने एक बार फिर उन्हें सुर्खियों में ला दिया है...जो पत्रकार देश और उसके आम नागरिकों के लिए लिखे वे मरे या प्रताड़ित हुए सरकारी तंत्रों के द्वारा...!

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी?



घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

खुला पत्र

क्या भ्रष्टाचार का मामला वहीं होगा दर्ज जहां होगी भाजपा से इतर दल की सरकार ?

» भ्रष्टाचार की खबरों से दिक्कत...
» कमी दिखाओ तो दिक्कत...
» जनता की परेशानियों को दिखाओ तो दिक्कत...

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2024(घटती-घटना)। आखिर लोकतंत्र का चौथा स्तंभ करें तो क्या करें? सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की ओर बढ़ रहे भ्रष्टाचार को उजागर करने पत्रकार दौड़ रहा पर पत्रकार की दौड़ के पीछे निर्वाचित जनप्रतिनिधि उसकी दौड़ की गति को कम करने का प्रयास कर रहे हैं,भ्रष्टाचार बढ़ता रहे पर पत्रकार ना दिखाएं क्या यही चाहता है जनप्रतिनिधि या फिर सरकारी तंत्र।

क्या छापें माननीय मुख्यमंत्री जी ?



घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

CMYK

करुण नायर ने सिर्फ 48 गेंद में 124 रन बनाकर जड़ा तूफानी शतक

मैंगलोर,20 अगस्त 2024। महाराजा टी20 ट्रॉफी में मैसूर वॉरियर्स ने मैंगलोर ड्रैगंस को 27 रनों से हरा दिया है। इस मैच में मैसूर वॉरियर्स के कप्तान करुण नायर ने धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने तूफानी बैटिंग करते हुए बेहतरीन शतक लगाया। उन्होंने लगभग 260 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। करुण नायर की वजह से ही टीम मैच जीतने में सफल रही है। मैच में करुण नंबर तीन पर बैटिंग करने उतरे। उन्होंने सिर्फ 48 गेंदों में ही 124 रन बना डाले, जिसमें 13 चौके और 9 छक्के शामिल थे। उनकी वजह से ही मैसूर वॉरियर्स की टीम 20 ओवर्स में 226 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा कर पाई। करुण अपने विस्फोटक बैटिंग से सभी का दिल जीतने में सफल रहे। शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी मिला।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए 8 देश मैदान में

3 देशों से खेलेगा भारत

नई दिल्ली,20 अगस्त 2024। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 का फाइनल मुकाबला 1 जून को खेला जाएगा। फाइनल में जाने के लिए 8 टीमें जोर आजमाइश कर रही हैं। क्योंकि वेस्टइंडीज की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। इस बार भारत और ऑस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के प्रबल दावेदार हैं। टीम इंडिया इससे पहले भी दो बार फाइनल में जगह बना चुकी है। डब्ल्यूटीसी में टीमों को एक जीत पर 12 प्वाइंट्स, ड्रॉ पर 4 और हार पर कोई प्वाइंट नहीं मिलता। जबकि टाई होने पर दोनों टीमों को 6-6 प्वाइंट्स मिलते हैं।

पहले नंबर पर है भारतीय टीम

भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में पहले नंबर पर है। टीम ने 9 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 6 में जीत और 2 में हार मिली है। उसके 68.51 पीसीटी हैं। टीम इंडिया को मौजूदा डब्ल्यूटीसी साइकल में अभी कुल तीन टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो, न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया इससे पहले दो बार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना चुकी है। लेकिन दोनों ही बार टीम को हार झेलनी पड़ी है। पहली बार उसे न्यूजीलैंड से और दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया ने पटखनी दी थी।

ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ खेलनी है सीरीज

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे नंबर पर मौजूद है। टीम ने अभी तक 12 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 8 जीते और तीन हारे हैं। उसका पीसीटी 62.50 है। ऑस्ट्रेलियाई टीम पिछली बार की विजेता है। ऑस्ट्रेलिया की अभी एक ही टेस्ट सीरीज बची हुई है, जो उसे भारतीय टीम के खिलाफ खेलनी है।

न्यूजीलैंड की टीम खेलेगी तीन सीरीज

न्यूजीलैंड की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है। टीम ने अभी तक कुल 6 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से तीन जीते हैं और तीन में टीम को हार का मुंह देखना पड़ा है। टीम का पीसीटी 50.00 है। न्यूजीलैंड को अभी तीन टेस्ट सीरीज और खेलनी हैं, जो वह भारत, श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलेगा।

श्रीलंका क्रिकेट टीम

श्रीलंका की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है। टीम को अभी इस साइकल में तीन सीरीज और खेलनी है। जो वह इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी। श्रीलंका ने अभी तक चार टेस्ट मैच ही खेले हैं, जिसमें से उसने दो जीते हैं और टीम को 2 में हार मिली है। उसका पीसीटी 50.00 है।

साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम

साउथ अफ्रीका की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में पांचवें नंबर पर है। टीम ने अभी तक 6 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें 2 में जीत और तीन में हार मिली है। टीम का पीसीटी 38.89 है। साउथ अफ्रीका को अभी दो टेस्ट सीरीज पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ खेलनी हैं।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम

पाकिस्तान ने अभी तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की मौजूदा साइकल में दो ही टेस्ट सीरीज खेली हैं और उसे अभी चार टेस्ट सीरीज खेलनी हैं। जो उसे बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलनी हैं। टीम ने अभी तक 5 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 2 जीते हैं और तीन में हार मिली है। उसका पीसीटी 36.66 है।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम

इंग्लैंड की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में 7वें नंबर पर मौजूद है। श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज उसके लिए बहुत ही अहम है। अगर वह श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज हार जाता है, तो वह डब्ल्यूटीसी फाइनल की रेस से बाहर हो जाएगा। इंग्लैंड ने 13 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 6 में जीत और 6 हार झेली है। उसका पीसीटी 36.54 है। इंग्लैंड को तीन टेस्ट सीरीज खेलनी हैं, जो उसे श्रीलंका, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलनी हैं।

आठवें नंबर पर मौजूद है बांग्लादेश क्रिकेट टीम

बांग्लादेश की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में 8वें नंबर पर मौजूद है। टीम ने अभी तक कुल 4 टेस्ट मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 1 जीता है और तीन हारे हैं। उसका पीसीटी 25.00 है। बांग्लादेश को अभी पाकिस्तान, भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज खेलनी हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ सिर्फ एक टेस्ट जीतकर ही इतिहास रचेगा बांग्लादेश

बांग्लादेश के पास बड़ा कीर्तिमान बनाने का मौका

रावलपिंडी,20 अगस्त 2024। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 21 अगस्त से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला रावलपिंडी के मैदान पर 10.30 बजे से खेला जाएगा। पहले मैच कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला जाना था, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची के स्टेडियम में निमार्ण कार्य चल रहा है। इसी वजह से टेस्ट को रावलपिंडी शिफ्ट कर दिया गया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की प्वाइंट्स टेबल में ऊपर आने के लिए दोनों टीमों के लिए ये मैच बहुत ही अहम है। इसी कारण पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तान ने अपनी प्लेइंग इलेवन का भी ऐलान कर दिया है।

पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच टेस्ट क्रिकेट में अभी तक कुल 13 टेस्ट मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से पाकिस्तान की टीम ने 12 में बाजी मारी है। वहीं एक मुकाबला ड्रॉ रहा है। बांग्लादेश की टीम अभी तक पाकिस्तान के खिलाफ एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है। ऐसे में अगर इस टेस्ट सीरीज में वह एक मैच जीत जाती है, तो बांग्लादेश की टीम इतिहास रच देगी। क्योंकि वह उसकी पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैचों में पहली जीत होगी।

तीन साल बाद हो रहा दोनों टीमों के बीच टेस्ट मैच

दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच साल 2001 में मुल्तान में खेला गया था। तब पाकिस्तानी टीम ने पारी और 264 रनों से जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच तीन साल बाद टेस्ट मैच होने जा रहा है। इससे पहले ये दोनों टीमें साल 2021 में भिड़ी थीं। तब पाकिस्तान ने पारी और 8 रन से मैच जीता था।

बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तान की प्लेइंग 11

शान मसूद (कप्तान), सऊद शकील (उपकप्तान), अब्दुल्ला शफीक, बाबर आजम, खुर्रम शहजाद, मोहम्मद अली, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा और शाहीन शाह अफरीदी।

क्या अजहरुद्दीन का रिकार्ड तोड़ पाएंगे रोहित शर्मा

नई दिल्ली,20 अगस्त 2024। टी 20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट लेने के बाद अब रोहित शर्मा का सारा फोकस वनडे और टेस्ट क्रिकेट पर है। इस वक्त भारतीय टीम कोई भी मुकाबला नहीं खेल रही है, लेकिन ये रेस्ट जल्द ही खत्म होने वाला है। अगले महीने यानी सितंबर में बांग्लादेश की टीम भारत के दौरे पर आने वाली है। इस दौरान दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे, जिसका आगाज 19 सितंबर से होगा। यानी रोहित शर्मा भी बतौर कप्तान और बल्लेबाज एक्शन में नजर आएंगे। चलिए जरा रोहित शर्मा के टेस्ट कप्तानी के आंकड़ों पर डालते हैं।

भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट जीतने वाले कप्तान हैं विराट कोहली

भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट मैच जीतने वाले कप्तान तो विराट कोहली हैं। उन्होंने अपनी कप्तानी में भारत को 40 टेस्ट मैच जिताए हैं। वहीं बात अगर रोहित शर्मा की करें तो उन्होंने अब तक 10 टेस्ट मैच जीत लिए हैं। इन दस टेस्ट मैचों को जीतने के लिए रोहित शर्मा ने 16 टेस्ट मुकाबले खेले हैं। रोहित शर्मा ने टेस्ट में कप्तान के तौर पर 4 मुकाबले हारे हैं और दो मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। इस बीच रोहित शर्मा भारतीय टीम के कप्तान रहे मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ने के काफी करीब पहुंच गए हैं। अजहरुद्दीन ने भारत के लिए 47 टेस्ट मैचों में कप्तानी करते हुए 14 मुकाबले जीते हैं। अजहर को 14 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं 19 मुकाबले बराबरी पर खत्म हुए हैं।

कोहली के अलावा धोनी और सौरव गांगुली का भी नाम

भारत के लिए कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा मुकाबले जीतने वाले खिलाड़ी तो कोहली हैं, हमने आपको बता ही दिया है। इसके बाद एमएस धोनी का नंबर आता है। उन्होंने 60 टेस्ट मैचों में कप्तानी करते हुए 27 जीते हैं। सौरव गांगुली की बात की जाए तो उनकी कप्तानी में भारत ने 47 मैचों में से 21 जीते हैं। नंबर चार पर अजहरुद्दीन का नाम आता है, जिनके आंकड़े हम आपको बता ही चुके हैं। यानी रोहित शर्मा यहां से अगर पांच टेस्ट और जीत जाते हैं तो अजहर को पीछे कर नंबर 4 पर पहुंच जाएंगे।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में ही रोहित शर्मा अजहर को पछाड़ सकते हैं

रोहित शर्मा के पास मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे करने का ये अच्छा मौका होगा। इस वक्त विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चल रहा है। इसके फाइनल से पहले टीम इंडिया 10 टेस्ट खेलेगी। अगर इसमें से पांच मैच भारतीय टीम जीत जाती है तो ना केवल उसके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जाने के मौके होंगे, बल्कि रोहित शर्मा अजहर का भी रिकॉर्ड तोड़ देंगे। भारतीय टीम दो टेस्ट बांग्लादेश, तीन टेस्ट न्यूजीलैंड और 5 टेस्ट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलती हुई दिखाई देने वाली है।

नलिन निपिको के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकार्ड

नामीबिया,20 अगस्त 2024। क्रिकेट की दुनिया में आए दिन रोज रिकॉर्ड बन और टूट रहे हैं। आज के दौर में हर बल्लेबाज तेजी के साथ रन बनाना चाहता है। लीग क्रिकेट शुरू होने के बाद बल्लेबाजों के बैटिंग करने के तौर तरीकों में बदलाव आया है। समोआ क्रिकेट टीम ने टी20 इंटरनेशनल मैच में वानुअतु की टीम को 10 रन से हरा दिया है। इस मैच में वानुअतु के बॉलर नलिन निपिको के नाम एक बेहद शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के एक ओवर में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले बॉलर बन गए हैं। उन्होंने एक ओवर में कुल 39 दिए।

डेविड वार्नर बैश लीग में दो साल के लिए खेलेंगे क्रिकेट

मेलबर्न,20 अगस्त 2024। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ियों में शुमार किए जाने वाले डेविड वार्नर इस वक्त इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं। हालांकि वे कह चुके हैं कि अगर जरूरत हुई तो वे अगले साल खेले जाने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उनकी वापसी की संभावनाए अभी तक तो नजर नहीं आती। इस बीच डेविड वार्नर के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। बीबीएल यानी बिग बैश लीग में वे सिडनी थंडर के लिए लगातार दो साल के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे।

सिडनी थंडर से डेविड वार्नर का करार

डेविड वार्नर ने बिग बैश लीग में सिडनी थंडर के साथ दो साल का नया करार किया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया के ही स्टीव स्मिथ ने सिडनी सिक्सर्स के साथ तीन साल का कॉन्ट्रेक्ट किया है। डेविड वार्नर टेस्ट क्रिकेट से अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर चुके हैं। सिडनी थंडर की ओर से इस बारे में वार्नर ने कहा है कि यहां बहुत अच्छे लोग हैं, एक बेहतरीन कोच है और वह हमेशा थंडर का हिस्सा रहे हैं। उन्हें पिछले साल का माहौल बहुत पसंद आया, जिस टीम के साथ आए थे, वह बहुत ऊर्जा लेकर आया है।

आईपीएल में भी काफी लोकप्रिय हैं डेविड वार्नर

डेविड वार्नर ऑस्ट्रेलिया के अलावा सबसे ज्यादा लोकप्रिय भारत में हैं। वे इंडियन प्रीमियर लीग में अलग अलग टीमों के लिए खेल चुके हैं। डेविड वार्नर की कप्तानी में ही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने एक बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया था। पिछले सीजन वे दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेल रहे थे। इस बार अब आईपीएल टीमों की रिटेंशन लिस्ट नहीं आई है, ऐसे में ये कह पाना मुश्किल है कि वे दिल्ली के साथ ही रहेंगे या फिर उन्हें रिलीज कर दिया जाएगा।

अगले साल के आईपीएल में भी खेल सकते हैं वार्नर

दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए डेविड वार्नर का प्रदर्शन उस तरह का नहीं रहा है, जिसके लिए वे जाने और पहचाने जाते हैं। ऐसे में उनके रिटेन होने पर सवाल जरूर हैं, लेकिन देखना होगा कि डीसी का मैनेजमेंट उनके बारे में क्या सोचता है। हालांकि ये भी तय है कि डेविड वार्नर अगर रिलीज कर दिए गए और फिर से नीलामी में आए तो कोई ना कोई टीम उन पर दांव जरूर लगाएगी। यानी अब डेविड वार्नर का टी20 क्रिकेट पर ही सारा फोकस रहने वाला है।

इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज आज

मैनचेस्टर,20 अगस्त 2024। इंग्लैंड और श्रीलंका की क्रिकेट टीमें 21 अगस्त से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला क्रिकेट प्रेमियों के लिए बेहद रोमांचक होने वाला है, खासकर जब दोनों टीमों की हालिया फॉर्म को देखा जाए। श्रीलंका इस सीरीज में आत्मविश्वास के साथ उतरेगा, क्योंकि उन्होंने हाल ही में भारत के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में 2-0 से जीत हासिल की है। हालांकि यह टेस्ट सीरीज होने वाली है, लेकिन खिलाड़ियों का फॉर्म काफी शानदार है।

मजबूत नजर आ रही श्रीलंकाई टीम

श्रीलंका के अंतरिम कोच सनथ जयसूर्या को अपनी टीम पर काफी भरोसा है। उन्होंने टीम के मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप की तारीफ की है, जिसमें दिमुथ करुणारत्ने, कुसल मेंडिस, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा और दिनेश चांदीमल जैसे अनुभवी बल्लेबाज शामिल हैं। जयसूर्या का मानना है कि इंग्लैंड की परिस्थितियों का फायदा उठाने का यह अच्छा मौका है। श्रीलंकाई टीम ने वनडे सीरीज के पहले मैच में बराबरी हासिल करने के बाद, अगले दो मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन कर भारत को मात दी थी। इस जीत ने टीम का मनोबल काफी बढ़ा दिया है और वे इसी आत्मविश्वास के साथ इंग्लैंड के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

इंग्लैंड की टीम में बदलाव

दूसरी ओर, इंग्लैंड को अपने स्टार ऑलराउंडर और कप्तान बेन स्टोक्स की कमी खलेगी, जो हैमस्ट्रिंग की चोट से रिकवर कर रहे हैं। स्टोक्स के न होने से इंग्लैंड की टीम में कुछ बदलाव देखने को मिला है, इंग्लैंड ने इस सीरीज के पहले मैच के लिए अपनी प्लेइंग 11 का भी ऐलान कर दिया है। जहां लाइन अप काफी बदलाव है इसके अलावा, इंग्लैंड की टीम अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने के लिए मैथ्यू पॉट्स को प्लेइंग 11 में मौका दिया। टीम की कप्तानी ओली पोप कर रहे हैं। इंग्लैंड की टीम का हालिया प्रदर्शन भी मिला-जुला रहा है, लेकिन अपने घरेलू मैदान का फायदा उठाते हुए वे श्रीलंका के खिलाफ जीत दर्ज करने की कोशिश करेंगे। हालांकि, स्टोक्स की अनुपस्थिति में टीम को संतुलन बनाए रखने में थोड़ी दिक्कत आ सकती है, लेकिन इंग्लैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं जो इस चुनौती को पार कर सकते हैं।

इस रोमांचक सीरीज का भारत में सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके अलावा, जो दर्शक इसे ऑनलाइन देखना चाहते हैं, वे सोनी लिव ऐप और वेबसाइट पर मैच का लाइव स्ट्रीमिंग का आनंद ले सकते हैं। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होने वाली यह टेस्ट सीरीज क्रिकेट प्रेमियों के लिए खास होगी। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका के लिए भी खास है।

कातिल की तलाश में करीना कपूर

मर्डर,मिस्ट्री और ढेर सारा थ्रिल लेकर आ रही द बकिंघम मर्डर्स

करीना कपूर खान की अपकमिंग फिल्म द बकिंघम मर्डर्स का टीज़र रिलीज़ हो चुका है। हाल ही में फिल्म से अभिनेत्री का नया पोस्टर जारी किया गया था, जिसके बाद फैंस बेसब्री से इसके टीजर का इंतजार कर रहे थे। बेबो के फैंस का ये इंतजार अब खत्म हो गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर शेयर किया है, जिसमें करीना बेहद अलग अवतार में नजर आ रही हैं। हंसल मेहता, जो अपने अलग-अलग तरह के जॉनर में काम करने के लिए जाने जाते हैं, अब वह इस सस्पेंस थ्रिलर की दुनिया में एंगेजिंग नरेटिव के साथ कदम रख रहे हैं। ये करीना कपूर खान की हमेशा की तरह भूमिकाओं से बिल्कुल अलग है। टीज़र से लगता है कि करीना का परफॉर्मेंस इंटेंस और थ्रिलिंग होगा, जो हमने पहले कभी नहीं देखा है। हाल ही में फिल्म से करीना कपूर खान का नया पोस्टर जारी किया गया था, जिसने टीजर और ट्रेलर को लेकर फैंस में उत्साह बढ़ा दिया था। बता दें, अपकमिंग फिल्म में करीना एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाएंगी, जिससे एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि वह इस मिस्ट्री थ्रिलर में अपनी भूमिका में कितनी गहराई लाती हैं। वीरे दी वेडिंग और क्रू के बाद, करीना कपूर खान ने एक बार फिर एकता आर कपूर से हाथ मिलाया है। द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे टैलेंटेड स्टार्स हैं। ये फिल्म हंसल मेहता ने डायरेक्ट की है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने लिखी है। यह महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स का प्रोडक्शन है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रेजेंट की गई है। फिल्म को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और पहली बार प्रोड्यूसर बन रही करीना कपूर खान ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में अभिनेत्री एक डिटेक्टिव की भूमिका में नजर आने वाली हैं। इससे पहले करीना जाने जां में भी अपने किरदार को लेकर खूब सुर्खियों में थीं। इस फिल्म में उन्होंने माया डिसूजा नाम की महिला का किरदार निभाया था, जो अपनी बेटी को अपने पति से बचाने की कोशिश करती है और इस कोशिश में वह अपने पति का मर्डर कर देती है। इसके बाद वह पुलिस से कैसे बचती है, पूरी कहानी बस इसी के इर्द-गिर्द घूमती है।

सलमान का डबल रोल सिकंदर में 10,000 पिस्तौल के साथ एक्शन सीन

चार्टर्ड प्लेन में विलन के बेटे के संग घमासान

सलमान खान और एआर मुरुगादॉस की एक्शन से भरपूर थ्रिलर फिल्म सिकंदर को लेकर लगातार जिस तरह के अपडेट्स सामने आ रहे हैं उससे फैन्स का उत्साह बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में खबर आई कि इस फिल्म में सलमान खान डबल रोल में नजर आएंगे। अब खबर है कि 22 अगस्त से शुरू होने वाले एक खास एक्शन सीक्वेंस के लिए करीब 10,000 पिस्तौल और गोलियां मंगवाई गई हैं। अपकमिंग फिल्म सिकंदर में सलमान एक बिजनेसमैन की भूमिका निभा रहे हैं, जो समाज में अपने अच्छे काम के लिए जाना जाता है और इसी के साथ एक भूमिका दबंग वाली भी है। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम 22 अगस्त से एक शानदार एक्शन सीक्वेंस की तैयारी कर रही है कहा जा रहा है कि इसकी जमकर तैयारी है कि ये सीक्वेंस रोमांच से भरपूर हो और इसलिए करीब 10,000 गोलियां और पिस्तौल मंगवाए गए हैं। इस हाई-ऑक्टेन सीक्वेंस को 40-दिन के शेड्यूल में शूट किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म निर्माता लीड एक्टर को एक अच्छे शख्स की भूमिका में दिखाते हुए हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस के साथ दर्शकों को लुभाने की योजना बना रहे हैं। बताया गया है कि पहले शेड्यूल के दौरान, सलमान खान ने एक पर्सनल चार्टर्ड प्लेन में विलन के बेटे के साथ जमकर हुए फाइट सीन को फिल्माया गया है। बाहुबली स्टार सत्यराज ने फिल्म के एक्शन सीक्वेंस में चार चांद लगा दिया है। सलमान अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर के लिए पूरी तरह से कमिटेड हैं, जो ईद 2025 पर रिलीज़ होने वाली है। इसी फिल्म की शूटिंग की वजह से उन्होंने पिछले दो महीनों से खुद को कई अन्य प्रोजेक्ट से दूर कर लिया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0

ईश्तहार

रा0प्र0क्रं0 /अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार पिता रामपति जाति अहीर निवासी हर्राटिकरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम हर्राटिकरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 1/510 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1,खसरा,नक्शा, अनुमति आदेश की प्रति, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 05/09/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
अम्बिकापुर

तुगलकी फरमान के विरूद्ध कलम बंद अभियान 50 वां दिन

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के विभाग जनसंपर्क के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्री श्यामबिहारी जायसवाल के विभाग के संबंधित समाचारों के प्रकाशन पर जनसंपर्क संचनालय के आयुक्त सह संचालक आईपीएस श्री मयंक श्रीवास्तव के मौखिक आदेश पर घटती-घटना के शासकीय विज्ञापन पर रोक लगाकर दबाव बनाने से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के मूलभूत हक पर कुठाराघात के विरूद्ध कलमबंद अभियान...के पन्द्रहवें दिन भी केंद्र सरकार से अनुमोदित विज्ञापन नियमावली के आदेश को ठेंगा दिखाने वाले जनसंपर्क विभाग के द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं देने के पीछे किसका हाथ...

क्या छापें स्वास्थ्य मंत्री जी?

क्या छापें आयुक्त सहसंचालक आईपीएस मयंक श्रीवास्तव जी?

क्यूं न लिखें सच?

माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी
25 जून को संविधान हत्या दिवस
छत्तीसगढ़ में नहीं मनाया जायेगा क्या?
इमरजेंसी पर बात...हर बात पर
आरोप...तो छत्तीसगढ़ में एक आईपीएस
के तुगलकी फरमान पर आदिवासी
अंचल से विगत 20 वर्षों से प्रकाशित
अखबार पर क्यों किया जा
रहा है जुर्म...?
क्यों कलमबंद आंदोलन के लिए विवश
होना पड़ा एक दैनिक अखबार को...?

छत्तीसगढ़ सरकार घर तोड़िए या
कार्यालय तोड़िए...इंकलाब होता
रहेगा इंसाफ तक...
अब तो बताईए मुख्यमंत्री जी...क्या छापें?

घटती-घटना के स्नेही पाठकों,विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को हो रही असुविधा के लिए खेद है...

संपादक :- अविनाश कुमार सिंह

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह*(पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)